Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-162 | सागवाड़ा, सोमवार, 14 फरवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# सागवाड़ा सीबीईओ पर शिक्षकों के साथ अमर्यादित आचरण का आरोप

## शिक्षक संघ रेसला ने की कार्यवाई मांग को लेकर सागवाडा एसडीएम को दिया ज्ञापन

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर शिक्षकों के साथ अमर्यादित भाषा का उपयोग करने का मामला सामने आया है । राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला ने सागवाडा एसडीएम को ज्ञापन देकर सीबीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है । राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला सागवाड़ा के ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश पाटीदार के नेतृत्व में शिक्षक आज सागवाडा एसडीएम पहुंचे जहा पर उन्होंने सागवाडा ब्लाक के मुख्य शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट द्वारा शिक्षको को अपमान किये जाने के मामले में विरोध किया । वही सागवाडा एसडीएम को मुख्य शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट के खिलाफ ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर शिक्षको ने उपखण्ड़ अधिकारी राजीव द्विवेदी को ज्ञापन देकर बताया कि 11 फरवरी को PEEO बैठक में प्राध्यापक एवं स्काउटर विष्णु कुमार एकोत,मोहनलाल पाटीदार, पुरुषोत्तम पुरोहित व पंकज मेहता को सम्मानित करने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सागवाड़ा में बुलाया गया था ।



सभी शिक्षकों के सम्मान करने के बाद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट ने स्काउट संगठन मे कोटामनी को लेकर शिक्षको से अनर्गल एवं तथ्यहीन आरोप लगाकर अमर्यादित टिप्पणी करते हुए संगठन से जुड़े पदाधिकारियो को अपमानित किया। वही संगठन पदाधिकारीयो ने बताया कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने पूर्व में भी इसी प्रकार प्राध्यापक साथियों एवं प्रधानचार्य को अपमानित कर चुके हैं। शिक्षक संघ रेसला ने ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग हैं। साथ ही शिक्षक संघ ने निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दिनेश खोडनिया को भी ज्ञापन दिया है।

इस अवसर पर प्रवीण भट्ट, रेसला मंडल अध्यक्ष, नीरज पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार, रमेश बुनकर ब्लॉक महामंत्री , प्राध्यापक मदन मेहता मौजूद रहे। वही राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला के इस तरह के आरोपों पर जब मीडिया ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट को बात करनी चाही तो उनका फोन स्विच आ रहा था।

# जल जागरण अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**सागवाड़ा।** नेहरू युवा केंद्र डूंगरपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा के निर्देशानुसार जल जागरण व कैच द रन की एक दिवसीय कार्यशाला सेमलिया पंडिया में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हरीश अहारी थे। अध्यक्षता मुकेश मीणा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि अध्यापक दिनेश अहारी, दिनेश पाटीदार, प्रकाश मीणा व स्वयंसेवक संगीता कुमारी रहे। स्वागत युवा माडल अध्यक्ष महेश पाटीदार ने दिया। हरीश अहरी ने कहा कि केवल संकल्प तक सीमित ना होकर हम वास्तविकता में जल संरक्षण करें।

# श्री बीशा नागदा जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता शुरु

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित लक्ष्मण मैदान में बीशा नागदा जैन नवयुवक मंडल की ओर से बीशा नागदा जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

नागदा समाज के नगर सेठ पवन जैन ने क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में समाज की 12 टीम भाग ले रही है। वही 27 फ़रवरी को प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित होगा। डूंगरपुर शहर के लक्ष्मण मैदान में बीशा नागदा जैन नवयुवक मंडल की ओर से बीशा नागदा जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नागदा समाज के नगर सेठ पवन जैन रहे।

# पांचाल समाज सागवाड़ा चोखला ने विश्वकर्मा जयंती मनाई



**सागवाड़ा।** पांचाल समाज सागवाड़ा चोखला ने विश्वकर्मा जयंती मनाई। पांचाल समाज की ओर से केदारेश्वर महादेव मंदिर में भजन कीर्तन हुए। चांदी के आभूषण से आंगी की गई। पूजा अर्चना जयदेव शुक्ला द्वारा कराई गई। उन्होंने सभी को विश्वकर्मा की बधाई दी। यजमान अंशुमाल, कांता, निर्मला, मंजुला, वर्षा, राधा, लक्ष्मी, मंजुला, निर्मला, नीता, सरिता, जयश्री ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयलाल ने की। देवी लाल ने विश्वकर्मा भगवान जयंती क्यों मनाते है उसकी जानकारी दी। भोजन की बोली भी महिला ग्रुप की ओर से ली गई। कार्यक्रम में मनोहर लाल, शंकरलाल, हरिशंकर, बदामी लाल, प्रमोद, अशोक, विजय, उत्तम, भगवती लाल, विपुल मौजूद रहे।

# शास्त्री मार्ग पर लेने-देन के मामले में पूर्व कार्मिक ने दुकान पर आकर गारमेंट व्यापारी पर चाक़ू से हमला कर दिया

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के शास्त्री मार्ग पर लेने-देन के मामले में पूर्व कार्मिक ने दुकान पर आकर गारमेंट व्यापारी पर चाक़ू से हमला कर दिया। चाकू गर्दन के पास लगने से व्यापारी गंभीर घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार जय हिंद नगर निवासी रमेश सिंधी शास्त्री मार्ग पर गारमेंट की दुकान चलाता है। रमेश के अनुसार शाम करीब 3:45 बजे इंजीनियरिंग की गली निवासी संदीप सिंह राठौड़ चेहरे पर रुमाल बांधकर आया और दुकान मालिक से पूछा कि उसे पहचानता है या नहीं जब दुकान मालिक रमेश ने इनकार किया तो संदीप सिंह ने रुमाल हटाते हुए अपनी पहचान बताई । व्यापारी ने बताया की संदीप सिंह उसकी दुकान पर दिवाली से पहले काम करता था। संदिप सिंह के मेहनताने के कुछ राशी बाकी चल रही थी। जिसको लेने वह आया था और दोनों के बीच आपस में बातचीत चल रही थी। बातचीत के दौरान संदीप सिंह ने अपनी जेब से चाकू निकाला और व्यापारी की गर्दन पर चाकू पर वार कर दिया जिससे व्यापारी घायल हो गया।

किसी तरह रमेश ने घायल हालत में भी उसे पकड़ लिया और शोर मचाया । इस पर मौके पर भीड़ जमा हो गई और भीड़ ने आरोपी को दबोच लिया। वहीं पड़ोसी दुकानदार घायल रमेश को बाइक पर बिठाकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर पुलिस ने आरोपी चाकूबाज़ संदीप सिंह को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है । इधर शहर में दिनदहाड़े हुई वारदात से व्यापारियों में आक्रोश है और कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# रूपेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग, नंदी व प्रतिमा स्थापित

## नेमा समाज का आयोजन

**सागवाड़ा।** दशा नेमा समाज के शुक्लवाड़ा में प्राचीन रुपचतुर्भूज मंदिर स्थित रुपेश्वर महादेव में सोमवार को भगवान गणेश,शिवलिंग, माता पार्वती, नंदी व शिखर ध्वज की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यजमान विमल प्रकाश कांतिलाल भासरिया, संगीता, कृष्ण मोहन,सुनीता, निकुंज, पूर्व पार्षद श्वेता,सागवाड़ा. दशा नेमा समाज के शुक्लवाड़ा में प्राचीन रुपचतुर्भूज मंदिर स्थित रुपेश्वर महादेव में सोमवार को भगवान गणेश,शिवलिंग, माता पार्वती ,नंदी व शिखर ध्वज की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यजमान विमलप्रकाश कांतिलाल भासरिया, संगीता, कृष्ण मोहन, सुनीता, निकुंज, पूर्व पार्षद श्वेता तथा परिजनों ने गाजे बाजे तथा हर हर महादेव के जयकारों के बीच मंदिर पर शिखर ध्वज स्थापना के बाद शिवलिंग, नंदी,माता पार्वती की प्रतिमा, तथा



जलधारी की प्राण प्रतिष्ठा की। इससे पूर्व प्रतिष्ठाचार्य भूवनेश त्रिवेदी ,भरत शुक्ला व विप्रवरों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित देवताओं का होम,पूजन, यज्ञ व हवन आरती तथा परिक्रमा हुई। प्रतिष्ठा के प्रसाद तथा तीन दिवसीय आयोजन की पूर्णाहुति हुई।इस दौरान समाज के अध्यक्ष संजय गुप्ता,प्रमुख वाडेल, रामनारायण अग्रवाल, मनोज, भरत गुप्ता, विश्वपाल गुप्ता, अनिल वाडेल, हेमंत गुप्ता, पंकज दोसी, विष्णु दोसी, मुकेश दलाल, रजनीश गुप्ता, मनोज शाह, विष्णु भासरिया, जयेश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता मौजूद थे।

# राजस्थान में 1102 नए केस, 6 ने दम तोड़ा

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के 1102 नए केस मिले हैं, जबकि 6 मरीजों की मौत हुई है। जयपुर में एक महीने बाद कोरोना से एक भी मौत नहीं हुई। राज्य में आज 12,876 लोगों के सैंपल की जांच की गई और पॉजिटिविटी रेट 8.56 फीसदी दर्ज हुई। जिलेवार कोरोना केस की स्थिति देखें तो केवल दो जिलों में ही 100 से ज्यादा केस आए हैं। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो सबसे ज्यादा 336 केस जयपुर में मिले हैं। जयपुर के अलावा राजसमंद में 106 केस मिले हैं। वहीं, तीन जिलों जोधपुर में 85, बांसवाड़ा में 70, नागौर में 50 केस मिले हैं।

# रीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से करवाने व प्रदेश अध्यक्ष पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले के भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से रीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से करवाने व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पुनिया पर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही इसके बाद मोर्चा ने जिला कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौपा।

ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजूभाई पत्थरवाला के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकर्ता आज कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने रीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से करवाने व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पुनिया पर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजूभाई पत्थरवाला ने कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मुद्दे पर फैल है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी काम को करने में नाकाम साबित हुई है। चाहे मासूम बेटियों के साथ दुष्कर्म की वारदातें हो या कानून व्यवस्था का सवाल।

भाजपा सरकार के समय प्रदेश की परीक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत थी कि देशभर में उसका नाम था। लेकिन हाल ही कांग्रेस सरकार की ओर से करवाई गई रीट भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में सरकार की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने कहा की रीट भर्ती परीक्षा में कई बड़े नाम शामिल है ऐसे में राज्य सरकार उन्है बचाने के लिए CBI जांच से बच रही है जबकि इसकी मांग हर आम व खास कर रहा है।

साथ ही इसका प्रदेश भर में विरोध करने का परिणाम यह हुआ है कि राज्य के सबसे बड़े विपक्षी राजनीतिक दल के प्रदेशाध्यक्ष पर सरे आम हमला हो जाता है और इसकी भनक इंटेलीजेंस को नही लगती और सब कुछ होने के लंबे समय बाद भी हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर है।

# गामडी अहाड़ा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दावे को लेकर पंचायत में हुई वोटिंग

## सरपंच सहित 14 सदस्यों ने डाले मत, कोर्ट के आदेश के चलते परिणाम रोका

**डूंगरपुर।** जिले की गामडी अहाडा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दावे पर आज पंचायत में मतदान को लेकर प्रक्रिया आयोजित की गई। डूंगरपुर तहसीलदार की मौजूदगी में इस दौरान अविश्वास का दावा पेश करने वाले 10 सदस्यों सहित कुल 14 सदस्यों ने वोटिंग की। लेकिन कोर्ट की रोक के चलते परिणाम जारी नहीं किया गया 7 22 जनवरी को पंचायत के 10 सदस्यों ने जिला परिषद सीईओ को अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

बिछीवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गामडी अहाडा में सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सुबह से गहमा-गहमी रही। सरपंच के खिलाफ लाये गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू की गई। डूंगरपुर तहसीलदार संजय चरपोटा ने अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान को लेकर प्रक्रिया शुरू की।

इसमें अविश्वास प्रस्ताव का दावा पेश करने वाले 10 वार्ड पंच पहले मतदान के लिए पहुंचे फिर इसके बाद सरपंच सोहनलाल ननोमा 3 अन्य वार्ड पंचो के साथ पंचायत पहुंचे। इस दौरान डूंगरपुर तहसीलदार संजय चरपोटा ने आपसी समझाइश को लेकर सरपंच वार्ड पंचों के बीच बहस करवाई और बहस में वार्ड पंच सहमत नहीं हुए। इसके बाद मतदान करवाया गया। इस दौरान सरपंच सहित कुल 14 सदस्यों ने अविश्वास को लेकर मतदान किया। हालाकि गामडी सरपंच सोहनलाल ननोमा द्वारा हाईकोर्ट से अविश्वास प्रस्ताव के परिणाम पर रोक के आदेश लाने के चलते डूंगरपुर तहसीलदार की ओर से परिणाम जारी नहीं किया गया और परिणाम को सील पेक कर दिया। डूंगरपुर तहसीलदार संजय चरपोटा ने बताया की हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही परिणाम जारी किये जायेंगे। गौरतलब है गामडी अहाडा सरपंच सोहनलाल ननोमा की कार्यशेली से नाराज पंचायत के 10 वार्ड पंच 22 जनवरी को डूंगरपुर पहुंचे थे जहा उन्होंने डूंगरपुर जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश को सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का दावा पेश किया था।

# नयाबाजार में बनेगा 300 दुकानों का शोपिंग काम्प्लेक्स, तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण- दिनेश खोड़निया

## नेमा समाज के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत

**सागवाड़ा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, बंधु पाठक,भरत भट्ट ललित पंचाल ने सोमवार को रुपचतुर्भूज मंदिर परिसर में नेमा समाज के रुपेश्वर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। यजमान विमलप्रकाश भासरीया,, कृष्णमोहन, निकुंज, समाज अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रभुलाल वाडेल, हरीश गुप्ता, मयंक दोषी, जगदीश गुप्ता, दिलीप कोठारी, प्रदीप गुप्ता,कमल दोसी, तेजप्रकाश गुप्ता ने अतिथियों का माल्यार्पण व पागडी पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष खोडनिया ने नेमा समाज के आयोजन को धार्मिक व सांस्कृतिक सद्भाव बढाने वाला बताते हुए शहर की 36 कौमों के बीच सामाजिक एकता व सद्भाव की सराहना की तथा इसे अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने समाजजनों से शहर के विकास में आगे आने का आह्वान किया। खोड़निया ने कहा कि 16 करोड़ की लागत से शहर के चारों दिशाओं में स्थित तालाबों का उदयपुर की झीलों की तरह सौंदर्यीकरण कर कायाकल्प किया जाएगा।

खोड़निया ने बताया नगरपालिका के भवन से सटकर स्थित पटवार भवन के नगरपालिका को अधिग्रहण के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा नगरपालिका भवन व पटवार भवन की जगह पर 300 दुकानों का शोपिंग काम्प्लेक्स बनाया जाएगा जिससे सैंकडों लोगों को रोजगार मिलेगा। पालिकाध्यक्ष खोड़निया ने विमल भासरीया व परिवार की ओर से कराए गए प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार को अनुकरणीय बताया और कहा कि जैन संत भी नये मंदिर बनाने के बजाय प्राचीन मंदिरों के संरक्षण व जीर्णोद्धार पर ज्यादा बल देते हैं।

